हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई, 2025

9 मोचीवाली माइनर के अधूरे निर्माण से किसान बेहाल...



10 सरकार की वायदाखिलाफी को लेकर हाथों में झाड़ू लेकर



**खबर संक्षेप**

### फरार नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सदर रतिया पुलिस ने फरार नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरबख्शीश सिंह उर्फ गोरा पुत्र बेअंत सिंह निवासी तामसपुरा के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 4 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत ममाला दर्ज किया था। एएनसी स्टाफ की टीम एएसआई जयदेव के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### ऑनलाइन शिकायत निवारण शिविर आज

**सिरसा।** राजकीय नेशनल कॉलेज स्थित इग्नू केंद्र द्वारा 14 मई को अपराह्न 3 बजे से शाम 4 बजे तक ऑनलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विद्यार्थी अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रख सकते हैं और तुरंत समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अमित, केंद्र के समन्वयक डॉ. नवीनऔर सहायक समन्वयक डॉ. पवन वर्मा भी मौजूद रहेंगे।

## हरियाणा 12वीं बोर्ड रिजल्ट: टोहाना के चंचल ने किया जिले में टॉप

# फतेहाबाद में 7,832 ने दी परीक्षा, 7,097 रहे उत्तीर्ण व 588 की आई री-अपीयर



टोहाना। टॉपर चंचल गिल को बधाई देते स्कूल प्रबंधक। *फोटो: हरिभूमि*

### बोर्ड के जारी किए परिणाम में फतेहाबाद रहा तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को जारी किए गए 12वीं के परीक्षा परिणाम में फतेहाबाद के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन रहा है। बोर्ड की ओर से जारी किए गए परिणाम में फतेहाबाद तीसरे स्थान पर रहा है। पिछले साल के मुकाबले इस साल 4 प्रतिशत बच्चे अधिक पास हुए है। पिछली साल जिले का रिजल्ट 86.27 प्रतिशत रहा था, इस बार 90.62 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए हैं। टोहाना के डांगरा स्थित मॉडल केएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र चंचल ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त प्रदेश में टॉप-5 लिस्ट में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। चंचल ने 500 में से 492 अंक प्राप्त किए हैं। जिले में हरियाणा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा 7832 स्टूडेंट्स ने दी थी। इनमें से 7097 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। 588 स्टूडेंट्स री-अपीयर आई है। 147 स्टूडेंट पास नहीं हो सके हैं। विशेष बात यह है कि सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। फतेहाबाद की डीईओ संगीता बिश्नोई ने बताया कि पिछले सेशन से इस बार हमारे जिले के रिजल्ट और सुधार आया है। इस बार जिला तीसरे स्थान पर रहा है। यह सभी टीचर्स और स्टूडेंट्स की मेहनत का परिणाम है। छात्र चंचल ने टॉप-5 में रहकर जिले का नाम रोशन किया है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है टोहाना का चंचल, स्कूल में हुआ जोरदार स्वागत



**टोहाना।** जिले के टोहाना क्षेत्र के छात्र चंचल ने कक्षा 12वीं में प्रदेश में टॉप 5 में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है। टोहाना के डांगरा रोड स्थित मॉडल केएम स्कूल में पढने वाले छात्र चंचल गिल ने नॉन मेडिकल संकाय में 492 अंक लेकर प्रदेश में नॉन मेडिकल विषय में प्रदेश में दूसरा, प्रदेश में पांचवां और जिले में पहला स्थान हासिल किया है। चंचल ने मैथ में पूरे 100 में से 100 अंक लिए हैं। इसी तरह इकॉनॉमिक्स में 95, कैमिस्ट्री में 99, मैथ में 100, एचओएस में 99 और फिजिक्स में 99 अंक हासिल किए हैं। चंचल के पिता भीम सिंह हिसार के निजी अस्पताप में डॉक्टर के एसिस्टेंट के तौर पर कार्य करते है जबकि माता सुदेश रानी गृहणी है। चंचल ने बताया कि इंसान को कभी खुद से झूठ नहीं बोलना चाहिए, इसी थ्योरी पर चलकर उसने यह सफलता हासिल की है। वह घर जाने के बाद करीबन साढ़े चार घंटे पढ़ाई करता था और अब हिसार में आईआईटी की तैयारी कर रहा है। वह आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है। उसका भाई मयंक भी बीटेक कर रहा है। चंचल ने कहा कि उसने सोशल मीडिया को सिर्फ इन्फॉर्मेशन के लिए प्रयोग में लाया। उसकी इस सफलता में माता पिता, स्कूल का सहयोग है। चंचल की माता ने कहा कि उन्होंने बेटे को यही सिखाया कि स्कूल में जो भी पढ़ाया जाए, उसे ध्यान से पढ़ो अगर कुछ नहीं समझ आता तो स्कूल का सहयोग लेते रहो। छात्र की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल रहा। स्कूल में पहुंचने पर चंचल का प्रिंसिपल रणधीर पुनिया, अजमेर सिंह, बहुगुणा सहित सभी स्कूल कमेटी ने स्वागत कर बधाई दी। रणधीर पूनिया ने बताया कि मॉडल केएम स्कूल के छात्र हर बार शिक्षा व खेल के क्षेत्र में अव्वल रहकर स्कूल का नाम रोशन करते है। छात्र चंचल ने अपनी मेहनत के बल पर प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है।

## एनसीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में बाजी मारी

- आरजू ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में एनसीएम स्कूल कागदाना ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस उपलब्धि ने विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। एनसीएम स्कूल कागदाना से इस वर्ष कुल 106 विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं की परीक्षा दी थी और यह गर्व की बात है कि सभी 106 विद्यार्थी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर छात्रा आरजू ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आरजू ने आर्ट्स संकाय में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर रही संतोष रही। संतोष ने साइंस संकाय में 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए। तीसरे स्थान पर रही आस्था ने आर्ट्स संकाय में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## दयानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

- विनीता और महक ने प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

खंड चोपटा के दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 10वीं ० 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपना,अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्या शिखा गोदारा ने बच्चों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए बताया कि 12वीं की छात्रा विनीता ने कला संकाय में 96 प्रतिशत अंक, महक ने विज्ञान संकाय में 96 प्रतिशत व नव्या गर्ग ने वाणिज्य संकाय में 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 10वीं की छात्रा आरजू ने 96 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, नैतिक ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, सुप्रिया ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन भरत सिंह, विजेंदर गोदारा, प्राचार्या शिखा व उप प्राचार्या स्वाति शर्मा ने बच्चों की शुभकामनाएं दी।

## आर्ट संकाय से महक जिले में रही प्रथम

- पॉयनियर स्कूल में 12वीं में 7 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से ऊपर और 31 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से रहे ऊपर

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सीबीएसई के 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हमेशा की तरह पॉयनियर स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के कुल 201 विद्यार्थियों में से 7 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से ऊपर, 31 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ऊपर, 73 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से ऊपर व 193 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आर्ट संकाय से महक सुपुत्री महेश कुमार ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे फतेहाबाद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा स्कूल, माता-पिता व जिले का नाम रोशन किया। साइंस संकाय में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रिंस ने जिले में प्रथम स्थान, प्रांजल ग्रोवर ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व समर्थ मेहता ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में साइंस संकाय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ-साथ कॉमर्स संकाय में अनमोल नरूला ने 95.6 प्रतिशत अंक, अनुदीप कौर व तुषार सरदाना ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। विषय अनुसार मैथ्स में 100, म्यूजिक में 100, पेंटिंग 100, ज्योग्राफी 99, इकोनॉमिक्स 99, अकाउंट्स 99, बायोलॉजी 98, इंग्लिश 98, साइकोलॉजी 97, हिंदी 97, बिजनेस 97, केमिस्ट्री 96, पंजाबी 96, फिजिक्स 96, पॉलिटिकल साइंस 96 अधिकतम अंक रहे।





**फतेहाबाद।** पॉयनियर स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थियों को बधाई देते स्कूल प्रबंधक।

**दी शुभकामनाएं**

इस शानदार उपलब्धि पर मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही, चेयरपर्सन शीलू निर्मोही, प्रिंसिपल गीतिका मेहता, वाइस प्रिंसिपल मैत्री निर्मोही, तनु भाटिया व डायरेक्टर निशांत निर्मोही ने सभी बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की तथा 12वीं के परीक्षा परिणाम में एक नया इतिहास रचने पर शुभकामनाएं दी।

## 12वीं में जिगर और 10वीं में सृष्टि रहे प्रथम

- क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं व 10वीं के परिणाम में क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर बाजी मारी। 12वीं में जहां जिगर सिंगला ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया वहीं 10वीं में 97 प्रतिशत अंकों के साथ सृष्टि गर्ग पहले स्थान पर रही। कक्षा 12वीं में क्रेसंट स्कूल में जिगर सिंगला 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में जिगर सिंगला ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस संकाय में लविश ने 97.4 अंक लेकर द्वितीय स्थान एवं खुशबू ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में छात्रा विधि ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, समृद्धि ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा प्रीना, दविजा व प्रिंस एवं कुनाल ने 95.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में अशमीन ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान व कृष बंसल एवं 91 प्रतिशत अंक लेकर हार्दिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिक में 8 बच्चों नैंसी, युग गोयल, मोक्ष, लविश, खुशबू, प्रतिष्ठा, योजना व हर्षिता ने 100 में से 100 अंक, म्यूजिक में ही 8 बच्चों नंदिनी कॉमर्स, उपासना कॉमर्स, मानसी कॉमर्स, दक्ष कॉमर्स, दीक्षा कॉमर्स, रिया बंसल कॉमर्स, कविता आट्र्स व प्रिंस आट्र्स ने 99 अंक हासिल किए। इकोनॉमिक्स विषय में जीवांश ने 100 अंक, मानसी व खुशबू ने 99 अंक हासिल किए। बिजनेस स्टडी में लविश ने 100 अंक प्राप्त किए। पेंटिंग में 10 विद्यार्थियों समृद्धि, दविजा, रक्षिता, कुनाल ,जैसमीन, जिया, मंशा, प्रिंस, आयुष व यश सोनी ने 100 में से 100 अंक एवं राहुल, रजत ने 99 अंक तथा साइकोलॉजी में विधि ने 100 अंक व कुनाल ने 99 अंक तथा ज्योग्राफी में लक्षिता ने 99 व प्रीना ने 99 अंक हासिल किए। कक्षा दसवीं में सृष्टि गर्ग ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया वहीं भुवनेश जांगू ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व ध्रुव ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है।



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी खुशी जाहिर करते हुए।

### हेरोइन बेचने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा सप्लायरों की धरपकड़ करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने सिरसा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल पुत्र दीपक निवासी शिव चौक, सिरसा के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 3 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भट्टूकलां रेस्ट हाऊस के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी तो इसी दौरान रेलवे स्टेशन की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस नाकाबंदी को देखकर घबरा गया और एकदम पीछे मुडकर तेज कदमों से चलने लगा।

## गांव कालूआना के सरपंच को किया सस्पेंड

- चौकीदार, पुजारी को धमकाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

गांव कालुआना में आपातकालीन मुनादी को लेकर हुए विवाद में सरपंच को निलंबित कर दिया गया है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने गांव के चौकीदार की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। घटना बीती 8 मई की रात करीब 10 बजे की है। कानूनगो सतवीर सिंह ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते चौकीदार दूनीराम को गांव में ब्लैक आउट की मुनादी करवाने का निर्देश दिया। चौकीदार दूनीराम ने ठाकुरजी मंदिर के पुजारी धर्मपाल और बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी भूपसिंह से मुनादी करवाई। मुनादी के बाद सरपंच दौलतराम ने पुजारी भूपसिंह से नाराज होकर आदेश का लेटर मांगा तथा पुजारी को मंदिर की चाबी सौंपने की धमकी भी दी। सरपंच ने चेतावनी दी कि बिना उनकी अनुमति के मुनादी करवाने पर कार्रवाई करेंगे। आपातकालीन स्थिति में सरकारी आदेश की अवहेलना और पुजारी को धमकाने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

**पंचायत की कार्रवाई में नहीं ले सकेगा हिस्साः उपायुक्त**

सरपंच दौलतराम ने कहा कि गांव के स्पीकर से हमला हो चुका है लाइटें बंद कर दो, रात को ये मुनादी करवाई गई थी। जिस पर ग्रामीणों के फोन उसके पास आने लगे और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया तो पुजारी से इस संबंध में पूछा गया था। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने दौलत राम सरपंच को तुरंत प्रभाव से निलंबित करते हुए लिखा है कि अब पंचायत की किसी भी कार्रवाई में भाग नहीं ले सकेगा तथा सारा रिकार्ड, धनराशि व जो भी कुछ पंचायत को उसके कब्जे या नियंत्रण में है वह किसी बहुमत वाले पंच को सौंपे तथा एक सप्ताह के अंदर उसके समक्ष निजी रूप से उपस्थित होकर लिखित में अपना जवाब प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि चौकीदार दूनी राम की एक अन्य शिकायत के अनुसार सरपंच के खिलाफ कालुआना जलघर से अवैध रूप से हरे पेड़ काटने का मामला भी डबवाली पुलिस के पास लंबित है।

## नशा तस्कर का साथी गिरफ्तार

- पुलिस को प्लास्टिक के थैले से मिला था 2 .100 किलो डोडा पोस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत शहर फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्कर के साथी को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संदीप कुमार उर्फ दीपा पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी धांगड़ के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 4 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब आजाद नगर में गुरूद्वारे के पास पहुंची तो गली में एक युवक हाथ में प्लास्टिक थैला लिए पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की टीम को देखकर घबरा गया और एकदम वापस मुडकर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम प्रमोद उर्फ प्रमोदी पुत्र प्रताप सिंह निवासी गली नं. 8, आजाद नगर फतेहाबाद बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास प्लास्टिक थैले से 2 किलो 100 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह और उसका दोस्त संदीप दोनों नशा बेचने का काम करते हैं। संदीप उसे डोडा पोस्त बेचने के लिए दिया था। इस पर पुलिस ने आगामी कार्रवाई करते हुए उसे दोस्त को भी गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

## पानी बर्बादी पर 26 को नोटिस जारी काटे जाएंगे अवैध कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जिलाभर में विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत अवैध कनेक्शन, व्यावसायिक स्थल पर घरेलू पेयजल कनेक्शन तथा पानी के अनावश्यक उपयोग को रोकने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने डबवाली में जांच की है। विभाग ने यहां पांच दिवसीय अभियान चलाया जिसमें विभिन्न स्थानों पर पानी की बर्बादी पाई गई, जिसके बाद 26 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। कुछ स्थानों पर व्यावसायिक स्थल पर घरेलू पेयजल कनेक्शन पाए गए तो कहीं पर बगीचे में पानी लगाने, धूल न आए, इसके लिए पानी का छिडक़ाव करते लोग नजर आए हैं। कुछ स्थानों पर पानी की टंकी भरने के बाद गली में दूर तक जल भराव पाया गया, जिसके बाद टीम ने मौके पर ही संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस थमाए हैं। कार्यकारी अभियंता विजय कुमार ने बताया कि अनेक स्थानों पर लोगों ने पेड़ पौधों में भी पेयजल सप्लाई से ही पानी लगाया है, जोकि पानी के दुरुपयोग की श्रेणी में हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित लोगों को मौके पर ही नोटिस दे दिए गए हैं।

**अवैध कनेक्शनों को करवाना होगा नियमित**

कार्यकारी अभियंता विजय कुमार ने बताया कि जिन स्थानों पर अवैध कनेक्शन पाए गए हैं, उन्हें नोटिस दिया गया है, कि वे सात दिनों में अवैध कनेक्शनों को नियमित करवाएं वरना उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। व्यावसायिक संस्थान में घरेलू पेयजल कनेक्शन के मामले में भी नोटिस दे दिए गए हैं और उपभोक्ता से कहा गया है कि वे व्यावसायिक कनेक्शन लें। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी सर्विस स्टेशन, दूध की डेयरी का कनेक्शन सीधा सीवर मैनहोल में नहीं किया जा सकता है और ऐसा किया गया तो दो हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। सभी सर्विस स्टेशन, होटल, शोरूम व स्कूल मालिकों को रेन हारवेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है, अन्यथा पांच हजार रुपये जुर्माना किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पेयजल कनेक्शन को सप्लाई के समय खुला छोड़ा तो ऐसे में कनेक्शन को काटा जा सकता है।

### एडीसी ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की ली बैठक

# आंगनवाड़ी पर सुविधाओं में न हो लापरवाही

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि जिला में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहे और सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हो। इसके लिए सभी सर्कल सुपरवाइजर जांच करें और बच्चों को दिए जाने वाले खाद्य पदार्थ आदि की गुणवत्ता भी जांचे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित मासिक बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लिंगानुपात, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर, आंगनवाड़ी केंद्र आदि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सर्कल सुपरवाइजर ड्यूटी रोस्टर के अनुसार हर आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करें। इस दौरान एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया, डीएसपी विकास कृष्ण, महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, सीडब्ल्यूसी की चेयरपर्सन अनीता वर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डा. गुरप्रीत कौर सहित सुपरवाइजर व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**सिरसा।** मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीसी। *फोटो: हरिभूमि*

**एडीसी ने मोबाइल वैन को दिखाई झंडी**

बैठक के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के कम लिंगानुपात वाले गांवों में जागरूकता के लिए चलाई गई मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि शुरूआती चरण में मोबाइल वैन को कम लिंगानुपात वाले चिन्हित गांवों में भेजा जाएगा। इसके प्रभावी परिणाम पर जिला के अन्य गांवों में भी और बेहतर लिंगानुपात के लिए आमजन को मोबाइल वैन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिरसा जिला लिंगानुपात के मामले में कई बार अव्वल रहा है, अब दोबारा और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।



लाइफ Style

# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

**नई दिल्ली।** टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती


**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



## बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

## 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले



और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

## रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



## हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

## आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।



## शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।





***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

## नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर



भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।

## इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री के बाहर से बाइक चोरी, कस दर्ज

**सिरसा।** खाजाखेड़ा रोड स्थित एक फैक्ट्री के बाहर से चोर एक बाइक चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में गांव मोरीवाला निवासी विक्रम ने बताया कि वह बीती 9 मई को खाजा खेड़ा रोड स्थित भुल्लर इंटरप्राइजेज पर किसी काम से गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो देखा कि बाइक गायब है। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### महिला के गले से सोने की चेन चोरी

**सिरसा।** मावडियों के मेले में आई फतेहाबाद के गांव सनियाना निवासी महिला के गले से शातिर चोर सवा दो तोले सोने की चेन चोरी कर ले गया।
पुलिस को दी शिकायत में गांव सनियाना निवासी पंकज बिश्नोई ने बताया कि बीती 11 मई को समय 11-12 बजे वह अपनी माता संतोष देवी, पत्नी रेखा, लडक्की इनायज व भाभी माया देवी के साथ मावडियों के मंदिर में माथा टेकने के लिए आया था। उसकी माता संतोष देवी ने अपने गले में सोने की चेन वजनी सवा दो तोले डाल रखी थी। मंदिर में जाने के बाद भीड़ का फायदा उठाकर शातिर चोर गले से चेन चोरी कर ले गया। मंदिर से आने के बाद उसकी माता को इस बारे में पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन सोने की चेन का कोई सुराग नहीं लगा।

### प्रो. राम मेहर बने देविवि फार्मेसी के विभागाध्यक्ष

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने फिजिक्स



विभाग के प्रो. राम मेहर सिंह को फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। इस संदर्भ में कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल द्वारा अधिसूचना जारी की गई। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रो. राम मेहर भौतिकी विभाग के अध्यक्ष हैं। इससे पूर्व उनके पास भूगोल विभाग का अतिरिक्त कार्यभार था। इसके अतिरिक्त एनआईआरएफ के निदेशक, बॉयज होस्टल्स के वार्डन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर रह चुके हैं।

### नहरी विभाग के कर्मचारी से ठगे 60 हजार रुपये

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में ढाणी डूल्ट, भूना निवासी कृष्ण कुमार ने कहा है कि वह नहर विभाग में कौशल रोजगार योजना के तहत लगा हुआ है। कुछ दिन पहले उसके पास फोन आया और खुद को उसका जानकार बताया। फोन करने वाले ने कहा कि उसका रिश्तेदार टोहाना अस्पताल में दाखिल है। उसके इलाज के लिए उसे पैसे चाहिए। वह फिलहाल राजस्थान में है। वह उसको गुगल पे पर पैसे भेज देता है। वह पैसे निकलवाकर अस्पताल में दे दें। इसके बाद उसने उसके एसबीआई के खाते नंबर में गूगल पे के जरिए 8 हजार, 20 हजार व 32 हजार रुपए भेजने के बारे में कहा।

### वीआईपी मोबाइल नंबर देने के नाम पर ठगी

**फतेहाबाद।** वीआईपी मोबाइल नंबर देने के नाम पर जिले के एक युवक से ठगी होने का मामला सामने आया है। इस बारे सदर फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चिंदड़ निवासी मुकेश कुमार ने कहा है कि वह हिसार में काम करता है। उसने फेसबुक पर एक ऐड देखी जिसमें वीआईपी नंबर दिए जाने बारे बताया गया था। जब उसने फेसबुक आईडी पर चैट की तो उसने अपना नंबर दिया और व्हाट्सएप पर चैट करने लगा। उसने उसे काफी वीआईपी नंबरों की लिस्ट भेजी और कहा कि इसमें से वह कोई भी नंबर ले सकता है। उसे प्रत्येक नंबर के लिए 4500 रुपये देने होंगे। इसमें से 1 हजार रुपये पहले और 3500 रुपये मोबाइल नंबर चालू होने पर देने होंगे।

## मोचीवाली, डिंग, जोधकां व कुक्कड़थाना गांवों की जीवनरेखा है यह माइनर

# मोचीवाली माइनर के अधूरे निर्माण से किसान बेहाल, सिंचाई संकट गहराया

- कई बार गुहार लगाने के बाद भी मात्र 45 ही काम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंग

डिंग मंडी क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित न्यू मोचीवाली माइनर का अधूरा निर्माण अब किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। मोचीवाली, डिंग, जोधकां व कुक्कड़थाना गांवों के खेतों में सिंचाई के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली यह माइनर वर्षों से जर्जर स्थिति में थी। किसानों के अनुसार एक साल में चार से पांच बार यह माइनर टूट जाती थी, जिससे खेतों में पानी भर जाता और फसलें डूब जाती थीं। वहीं दूसरी ओर आगे के हिस्सों में पानी न पहुंचने के कारण किसानों की फसलें सूख जाती थीं। इस दोहरी मार ने किसानों को वर्षों से परेशान कर रखा है।

किसान सुनील मईया, राजेंद्र जाखड़, सुभाष शर्मा, कृष्ण पूनिया आदि किसानों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों,



सिरसा। जर्जर अवस्था में मोचीवाली माइनर। फोटो : हरिभूमि

जनप्रतिनिधियों व मंत्रियों के समक्ष गुहार लगाई। भारी मशक्कत के बाद माइनर के पुनर्निर्माण के लिए मंजूरी मिली और कार्य भी शुरू हुआ, लेकिन यह राहत अल्पकालिक साबित हुई, क्योंकि माइनर का केवल लगभग 45 प्रतिशत ही निर्माण हो पाया है। ठेकेदार ने 25 सितम्बर को काम अधूरा छोड़ दिया और इसके बाद से आज तक कार्य दोबारा शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार को अनेकों बार आग्रह किया गया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। वहीं विभाग के अधिकारी भी चुप्पी साधे बैठे हैं। किसानों का आरोप है कि अधिकारियों को कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

बीते रविवार को स्थिति और अधिक चिंताजनक हो गई जब सिरसा मेजर नहर ओवरफ्लो हो गई। इस दौरान नहर के टूटने की आशंका को देखते हुए माइनर में पानी छोड़ा गया लेकिन जैसे ही पानी छोड़ा गया, माइनर तीन स्थानों से टूट गई। इससे न सिर्फ किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया, बल्कि माइनर का पानी तुरंत बंद करना पड़ा। किसानों का कहना है कि जहां से माइनर बार-बार टूटती है, वहां आज तक निर्माण नहीं किया गया है। यही कारण है कि किसानों की समस्या जस की तस बनी हुई है। किसानों का कहना है कि इस लापरवाही के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक ओर फसलें बर्बाद हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर सिंचाई की लागत बढ़ती जा रही है। अब किसान प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि माईनर का अधूरा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाया जाए।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही माइनर का कार्य फिर से शुरू नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। क्षेत्र के हालात और किसानों की व्यथा को देखते हुए यह जरूरी है कि सरकार और विभाग इस मामले को गंभीरता से लेकर ठोस कदम उठाएं, ताकि किसानों को राहत मिल सके और समय पर फसल की सिंचाई हो सके।



सिरसा। उच्च मानदंडों की पालना करने की शपथ लेते हुए नर्सिंग की छात्राएं।

## अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- महान नर्स के रूप में विख्यात फ्लोरेंस नाइटेंगल के सेवा के मूल्यों का जानकारी दी
- नर्सिंग के क्षेत्र में स्थापित किए गए उच्च मानदंडों की पालना करने की शपथ ली
- मरीज की सेवा करना ही इस व्यवसाय का सच्चा उद्देश्य : प्राचार्य कुलविंद्र कौर

राजेंद्रा स्कूल ऑफ नर्सिंग के ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के अध्यक्ष एनके गुप्ता, सचिव पुलकित गुप्ता, प्राचार्या कुलविंद्र कौर ने फ्लोरेंस नाइटेंगल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर की।

संस्थान के अध्यक्ष एनके गुप्ता ने उपस्थित नर्सिंग छात्राओं को प्रेरित करते हुए विश्व की महान नर्स के रूप में विख्यात फ्लोरेंस नाइटेंगल द्वारा सेवा के मूल्यों बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। नर्सिंग की प्राचार्या कुलविंद्र कौर ने भी नर्सिंग का अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि त्याग व मृदु स्वभाव के सहयोग की भावना से मरीज की सेवा करना ही इस व्यवसाय का सच्चा उद्देश्य है। उन्होंने फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन बारे बताया कि वे इटली के अमीर घराने में पैदा हुई थी मगर उन्होंने अपना सारा जीवन मानव जाति की भलाई के लिए समर्पित किया तथा उस दौरान हुए युद्ध में नर्सिंग सेवा के माध्यम से हजारों सैनिकों की जान बचाई।

नर्सिंग की सभी छात्राओं ने इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटेंगल द्वारा नर्सिंग के क्षेत्र में स्थापित किए गए उच्च मानदंडों की पालना करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम में फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य संजीव कालड़ा व काउंसलर एकता कालड़ा सहित सभी नर्सिंग कॉलेज का स्टाफ मौजूद था।

## 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश



महेंद्रगढ़। विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया। इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। जैसे ही परीक्षा परिणाम की घोषणा हुई विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## मृतक अध्यापक के परिवार को जल्द जारी हों सभी लाभः शर्मा

**सिरसा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान विजय शर्मा ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला, मिर्जापुर में प्राथमिक शिक्षक के रूप कार्यरत रहे सुरेंद्र सिंह की आकस्मिक मृत्यु 12 मार्च 2024 को हो गई थी, किंतु एक साल दो माह का समय बीत जाने के बाद भी उनके परिवार को कोई भी विभागीय लाभ अभी तक प्रदान नहीं दिया गया है। उनकी फाइलें अभी भी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय व मौलिक शिक्षा निदेशालय, पंचकुला के चक्कर काट रही हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग की संवेदनहीनता का उच्चतम स्तर तो यह है कि सरकारी कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर विभाग द्वारा जो राशि मृतक के अंतिम संस्कार के लिए दी जाती है।

## शहीदों के परिजनों को आर्थिक सहायता का फैसला सराहनीयः रातुसरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के शहीदों के परिजनों को 50 लाख की राशि बढ़ाकर एक करोड़ रुपए करने की घोषणा को ऐतिहासिक व सराहनीय बताया।

रातुसरिया ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री का यह फैसला राष्ट्रहित में है। हालांकि पड़ोसी देश पाकिस्तान से भारत की जंग चल रही है और ऐसे में नायब सैनी ने शहीदों की राशि को 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रूपए कर भारतीय सेना पैरामिल्ट्री फोर्स व पुलिस का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर ने भी शहीद परिवारों की आर्थिक



प्रदीप रातुसरिया।

सहायता बढ़ाई थी। रातुसरिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के उस फैसले का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनावों में किए वायदों में से एक-एक कर अनेक वायदे पूरे कर दिए हैं और शेष को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

## शानदार परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों व स्टाफ की मेहनत का नतीजाः ढिढारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा


- शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नाथूसरी कलां में कक्षा 12वीं के शानदार परीक्षा परिणाम आने पर खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिढारिया ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह परिणाम मेहनती अध्यापकों और बच्चों की मेहनत का परिणाम है।

हर साल की भांति विद्यालय का परिणाम साइंस और आर्ट संकाय में कुल 51 बच्चों में से ग्रामीण क्षेत्र में 24 बच्चों ने मेरिट में स्थान हासिल किया।

कुल 40 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए और विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा डिंपल पुत्री प्रेम शर्मा ने 500 में से 476 अंक (95.2) प्रतिशत प्राप्त किए, अंजनी पुत्री राकेश कुमार ने 462 अंक (92.4) प्रतिशत, भावना पुत्री विनोद ने 446 अंक, चेष्टा पुत्री भोजराम ने 443 अंक प्राप्त किए।

परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रवक्ता दलबीर सिंह ने बताया कि कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने पर सभी बच्चों अभिभावकों और मेहनती एवं लग्नशील शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।



सिरसा। चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### चोरीशुदा बाइक सहित दो आरोपी धरे

**सिरसा।** सीआईए, डबवाली स्टाफ ने मोटरसाइकिल चोरी के एक पुराने मामले में दो आरोपियों को चोरीशुदा बाइक सहित पकड़ा है। आरोपियों की पहचान सुरेंद्र निवासी खतरावां थाना बड़ागुढ़ा, जिला सिरसा व बूटा सिंह निवासी लालेआना, जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। उप निरिक्षक राजपाल ने बताया कि बीती 8 फरवरी-24 को जसप्रीत सिंह निवासी नीलांवाली की शिकायत पर बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपियों सुरेंद्र व बूटा सिंह गिरफ्तार किया गया है।

## ट्रैफिक नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं: एसपी गुप्ता

बाइक मोडीफाई करने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- लापरवाही करते हुए वाहनों का चलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने ट्रैफिक थाना सहित सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बुलेट बाइक से पटाखे छोडक़र, दहशत फैलाने वालों तथा ट्रिपल राइडिंग, तेज गति तथा बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखे वाली बुलेट बाइक सवार युवक का चालान करने उपरांत बुलेट सवार युवक से पूछताछ कर बुलेट बाइक को मॉडिफाई करने वाले मिस्त्रियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया, ताकि भविष्य में कोई भी मिस्त्री बुलेट बाइक के साइलेंसर बदल कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने की हिमाकत न करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बुलेट बाइक मॉडिफाई करने वाले मिस्त्रियों को नोटिस जारी करें और भविष्य में बुलेट बाइक की साइलेंसर चेंज करते है,तो ऐसी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि बुलेट से पटाखे बजाने की वजह से कमजोर हृदय वाले बुजुर्गों, महिलाओं तथा युवतियों के पास आकर बुलेट बाइक से पटाखा छोडक़र दहशत फैलाने का प्रयास करते हैं, जिस कारण महिलाओं तथा युवतियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, और दुर्घटना होने का भी अंदेशा रहता है। उन्होने कहा कि ट्रिपल राइडिंग तथा तेज गति से वाहन चलाने वाले तथा अन्य ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी ईआरवी डायल 112 तथा बाइक राइडर्स पर तैनात पुलिसकर्मी को भी हिदायत दी।

## नि:शुल्क शिविर में 215 नेत्र रोगियों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में लगाया शिविर

श्री हनुमंत चेरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच व आप्रेशन का 268वें निशुल्क शिविर में 215 नेत्र रोगियों की जांच हुई। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. राजकुमार गुप्ता व समाजसेवी अंबर अरोड़ा ने किया। सुमन मित्तल ने उन्हें फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सीय सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अंबर अरोड़ा व डॉ. राजकुमार ने अस्पताल द्वारा अवलोकन किया और फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि फाउंडेशन द्वारा पिछले 26 वर्षों से प्रतिदिन 125 से अधिक जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और हर माह नेत्र जांच व आपरेशन शिविर लगाना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने यथा सम्भव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कैम्प में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा, डॉ. सीमा पूनिया, डॉ. नीरू गिजवानी व डॉ. महिप बंसल ने अपनी टीम व सहयोगियों के नेत्र रोगियों की जांच की। शिविर के दौरान मोतियाबिंद से पीड़ित 24 जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क आप्रेशन के लिए चयन किया गया। इसके अलावा 62 मरीजों को निःशुल्क मधुमेह जांच के साथ सभी नेत्र रोगियों को दवाइयां दी गई। फाउंडेशन की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**प्रतियोगिता** अपैक्स स्कूल में डिस्ट्रिक लेवल क्लब रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

# खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेता स्टेट लेवल पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा अपैक्स स्कूल में जिला स्तरीय क्लब रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भूना, भट्टू, रतिया, टोहाना और फतेहाबाद ब्लाक से 150 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया और अपना दमखम दिखाया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला स्केटिंग एसोसिएशन के प्रधान बंसीलाल चौहान, समाजसेवी विनय शर्मा, सीनियर कोच प्रमोद कौशिक व हवा सिंह, सचिव कृष्ण कौशिक, टोहाना से धीरज शर्मा व रतिया से अमित कुमार ने भाग लिया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।



फतेहाबाद। विजेताओं को सम्मानित करते जिला रोलर स्केटिंग एसो. के पदाधिकारी।

जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव कृष्ण कौशिक ने बताया कि यह प्रतियोगिता अपैक्स स्केटिंग रिंग में आयोजित की गई।

यह प्रतियोगिता 6 साल से कम, 6 से 8 साल, 8 से 10 साल, 10 से 12 साल, 12 से 15 साल, 15 से 18 साल व 18 साल के ऊपर आयुवर्ग के 2 लैब, 4 लैब और रोड रेस 500 व 1000 मीटर में करवाई गई। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में फतेहाबाद जिले का नेतृत्व करेंगे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया। फतेहाबाद विजेता टीम के कोच हरीश, विकास, विशु आदित्य और प्रमोद कौशिक ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रतियोगिता में ये रहे परिणाम

जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में अंडर 6 आयुवर्ग में विदित ने गोल्ड, मोनिषा ने सिल्वर, 6-8 आयुवर्ग में अक्षिता, विदित, भावना, भानू, एकलव्य, आरिका, गुरफतेह, समर्थ, सार्थक व हरगुन ने गोल्ड, शिवान्या, रेयांश, धनिष्ठा, अविक, अथर्व, जिज्ञांश व दिव्यांशी ने सिल्वर, शंविका, रोहानियत, नमिश, अदव सिंह, मितांश, अश्मीत ने ब्रोंज मेडल जीता। 8-10 साल आयुवर्ग में प्रणवी, भावना, हर्ष, सारथ, रबजोत, हर्षवर्धन रतिया, आरोही फतेहाबाद, अलख भूना, संजोग फतेहाबाद व मनकीरत ने गोल्ड, जीवा, आरिका, रूद्रा, सक्षम, तक्षा भूना, रूद्रार रतिया, एकम, इवन व दुष्यंत ने सिल्वर, अयिशा, सारांश, करण, प्रियांशु रतिया, कबीर रतिया, टिवंकल, रिशव व अखिल ने ब्रोंज मेडल जीता। 10-12 वर्ष आयुवर्ग में नोविता, भविष्य, पर्व, अवनि पूनियां टोहाना, अभिनूर, अश्मीन रतिया, विनय ने गोल्ड, गितांशु, काव्या भट्टू, अर्जुन रतिया, कार्तिक ने सिल्वर, नव्या भट्टू, युवराज रतिया, कमिश ने ब्रोंज मेडल जीता। 12-15 आयु वर्ग में दक्ष भट्टू, हर्षित, कार्तिक व ओजस ने गोल्ड, विराट भट्टू, लिवांश व माही ने सिल्वर, अरजप ने ब्रोंज मेडल जीता।

## खबर संक्षेप

### कार ने पैदल आ रही बालिका को मारी टक्कर

**फतेहाबाद।** रतिया रोड पर सडक़ किनारे पैदल जा रही एक बालिका को कार ने पीछे से टक्कर दे मारी। इस हादसे में घायल बालिका को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी टाहली वाली निवासी परमजीत कौर ने कहा है कि वह अपनी 16 साल की लडक़ी पिंकी के साथ रतिया रोड स्थित झाड़ साहिब गुरूद्वारे में माथा टेकने के लिए गया था। एक कार के चालक ने कार को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसकी लडक़ी पिंकी को पीछे से टक्कर दे मारी।

### ढाणी से हजारों का सामान गायब

**सिरसा।** गांव शाहपुरिया रोड पर एक ढाणी से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए।
पुलिस को दी शिकायत में गांव तरकांवाली निवासी विकास ने बताया कि उसका रकबा शाहपुरिया रोड पर पड़ता है। उसने खेतों में ढाणी बनाई हुई है। बीती10 मई की शाम को वह खेतों से घर आ गया। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने रात्रि को खेतों में घुसकर कमरे का ताला तोडक़र एक सबमर्सिबल मोटर व एक पानी वाली छोटी मोटर तथा कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### युवक 6.15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए स्टाफ कालांवाली टीम ने गांव घुकांवाली से 06.15 ग्राम हैरोइन सहित आरोपी मनदीप सिंह निवासी घुकांवाली को पकड़ा है। पीएसआई अरविंद ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गशत पर बस स्टेंड गांव घुकांवाली पर मौजूद थे। विश्वसनीय सूचना के आधार पर उन्हें एक लडक़ा पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर वह मुडक़र भागने का प्रयास करने लगा।

### 15 और 17 मई को निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की तीनों सेनाओं के जांबाज रणबाँकुरों के रणकौशल से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में 15 मई को सिरसा लोकसभा में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि 15 मई को प्रातः साढ़े 9 बजे सिरसा के नेहरू पार्क से सामाजिक संगठन, दिग्गज लोग व भारी संख्या आमजन मिलकर तिरंगा यात्रा निकालेंगे। इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद सुभाष बराला करेंगे।

### झगड़ा के मामले में दो महिलाओं सहित 4 काबू

**फतेहाबाद।** गांव जांडवाला बागड़ में खाल को लेकर हुए विवाद में लड़ाई झगड़ा करने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार लोगों को काबू किया है। पकड़े गए लोगों की पहचान कुलदीप पुत्र इन्द्राज, भतेरी देवी पत्नी जय सिंह, प्रमोद पुत्र भूरा राम व सुरेश देवी पत्नी पृथ्वी सिंह निवासी जांडवाला बागड़ के रूप में हुई है। सभी को पुलिस द्वारा जमानत दी गई है। इस बारे पुलिस ने 21 अप्रैल को जांडवाला बागड़ निवासी संजय की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

## मांगों को लेकर भड़के, बाजारों में प्रदर्शन

# सरकार की वादा खिलाफी को लेकर झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे नप कर्मी

प्रदर्शन के दौरान नप कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनकी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने आज अपनी मांगों और सरकार की वायदाखिलाफी को लेकर हाथों में झाड़ू लेकर शहर के मुख्य बाजारों में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नगरपरिषद कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनकी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान विजय ढाका ने की और संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया।

प्रदर्शन से पूर्व नगरपरिषद कार्यालय में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विजय ढाका, ओम प्रकाश लोट और सत्यवान टॉक ने बताया कि सरकार नगरपालिका कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारियों से मानी गई मांगों को लागू नहीं किया जा रहा, जिससे कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ लगातार रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने मांग की कि 2024 के समझौते के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। नए पद सृजित कर कर्मचारियों की भर्ती की जाए। इसके अलावा ठेका प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को पक्का किया जाए।


**फतेहाबाद।** सडक़ों पर झाड़ू लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।

### पक्का नहीं किया

विजय ढाका ने बताया कि अन्तोदय का नारा देनी वाली बीजेपी सरकार ने पिछले 11 सालों में एक भी सफाई कर्मचारी पक्का नही किया है। सफाई कर्मचारी कच्ची नौकरी करते-करते रिटायर हो जाते है व रिटायरमेंट पर उन्हें खाली हाथ घर का रास्ता दिखा दिया जाता है जो कि जो कि न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो कर्मचारी आने वाले समय में आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे। आज के प्रदर्शन में, वीरू रत्ती, राजा राम चौहान, अमित गिल, धीरज घोघलिया, ओम प्रकाश झलनिया, पवन चिंडालिया, शकुंतला, रंजना आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए नगरपरिषद के सफाई कर्मचारी।

### सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- उल्टी झाड़ू कर जताया रोष, दी चेतावनी

**सिरसा।** नगर परिषद के कर्मचारियों ने उल्टी झाड़ू करके अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी उनका संघर्ष जारी रहेगा। कर्मचारी नेता मनोज अटवाल सहित अन्य कर्मचारियों ने कहा कि आंदोलन को अब और ज्यादा तेज किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की झूठी वाहवाही लूट रही है। जबकि नगर परिषद के एक भी सफाई कर्मचारी को 1996 के बाद पक्का नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि जब शहर में 188 सफाई कर्मचारी काम करते थे तो शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर रहती थी पर ठेकेदारी प्रथा का परिणाम है कि ठेकेदार द्वारा कागजों में 650 से अधिक सफाई कर्मचारी दिखाए जा रहे हैं और शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार कर्मचारियों को पक्का करती है तो एक तो ठेकेदारी प्रथा से निजात मिलेगी और दूसरा कर्मचारियों की काम के प्रति जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की बजाय पुराने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। ये सब सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कर रही है।

## मानसून से पहले पानी निकासी और बाढ़ बचाव कार्यों को पूरा करने के निर्देश

- नहरों की पटरियों की मरम्मत करवाने और दरारों को भरवाने, घग्घर व रंगोई नालों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए

**रतिया।** बरसाती मौसम से पहले तैयारियों को लेकर उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने अधिकारियों की मीटिंग ली। उन्होंने मीटिंग में पानी निकासी और बाढ़ बचाव कार्यों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बाढ़ से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अब तक किए गए प्रबंधों की जानकारी ली और उनसे नाव सहित सभी उपकरण अन्य सहायक सामग्री तैयार रखने को कहा। उन्होंने संबंधित विभागों को जहां जरूरत है वहां नहरों की पटरियों की मरम्मत करवाने और दरारों को भरवाने, घग्घर व रंगोई नालों की साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम सुरेश कुमार ने नगरपालिका के अधिकारियों को कहा कि मानसून से पहले शहर के सभी मुख्य बरसाती नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग को समय रहते सभी प्रकार की तैयारियों के अलावा शहर में सडक़ के दोनों तरफ के नालों की मरम्मत का कार्य भी मानसून से पहले पूर्ण करवाया जाए। इस बैठक में नायब तहसीलदार अशोक कुमार, नागपुर बीडीपीओ विकास लाग्यान, नगरपालिका सचिव सुभम, एसएमओ डॉ. अमित, पब्लिक हेल्थ एसडीओ अंचल जैन, लोक निर्माण विभाग एसडीओ संदीप सचदेवा, सिंचाई विभाग एसडीओ राजेंद्र सिंह, हेल्थ इंस्पेक्टर राजेश स्योकंद, आदि मौजूद रहे।

## बरसीन के जम्भेश्वर मंदिर के ताले तोडक़र नकदी चुराई

- पुलिस ने कुछ ही घंटों में युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव बरसीन स्थित श्री गुरू जम्भेश्वर मंदिर के ताले तोडक़र एक युवक वहां के दानपात्र से नकदी चोरी कर ले गया। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच करते हुए आरोपी युवक को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान कमल उर्फ कालू पुत्र सुखदेव निवासी बरसीन के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 12 मई को गांव बरसीन निवासी छोटूराम की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह गांव के गुरू जम्भेश्वर मंदिर का प्रधान है। सुबह जब वह मंदिर में गया तो देखा कि मंदिर के मेन गेट का ताला, दानपात्र का ताला व मंदिर में बने कमरे का ताला टूटा हुआ था। दानपात्र से करीब 5 हजार रुपये की नकदी के अलावा कमरे में रखा गेहूं का कट्टा चोरी हो गया था। जब उसने मंदिर में लगे कैमरे को चैक किया तो पाया कि रात को साढ़े 10 बजे से 11 बजे के बीच एक युवक मंदिर में चोरी कर रहा है।

## साइबर ठगों की नई चाल, अकाउंट में पैसे भेजे गए हैं फर्जी मैसेज से कर रहे हैं ठगी

- फतेहाबाद पुलिस ने जारी की साइबर जागरूकता एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने आम नागरिकों को आगाह किया है कि साइबर अपराधी अब 'आपके खाते में पैसे भेज दिए गए हैं' जैसे फर्जी मैसेज भेजकर लोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहे हैं। ये ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप, एसएमएस अथवा ईमेल के माध्यम से संपर्क कर झूठे संदेश भेजते हैं, जिनमें कहा जाता है कि किसी सरकारी योजना, इनाम या रिफंड के तहत आपके खाते में पैसे भेजे गए हैं। इसके बाद ये अपराधी पीड़ित से खाते की जानकारी, ओटीपी या अन्य निजी जानकारी मांगते हैं और थोड़ी सी चूक के बाद खाते से बड़ी धनराशि उड़ा देते हैं।

### ओपीटी न शेयर करें

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे ध्यान रखें कि किसी भी अंजान लिंक या कॉल पर अपनी बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। कोई भी व्यक्ति यदि यह कहे कि आपके खाते में गलती से पैसे आए हैं, तो पहले बैंक से पुष्टि करें। किसी भी ऐप को डाउनलोड करने या फॉर्म भरने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांचें। कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत डायल 1930 या पोर्टल पर शिकायत करें। उन्होंने ठगी के तरीकों बारे बताया कि नकली बैंक या यूपीआई पेमेंट स्क्रीनशॉट भेजकर विश्वास में लेते है। गलती से आपके खाते में पैसे आ गए हैं, वापस भेजें का बहाना बनाते है। नकली ऐप लिंक या तकनीकी सहायता के नाम पर रिमोट एक्सेस लेकर व नकली कस्टमर केयर नंबर या सोशल मीडिया पेजों का सहारा लेकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।


एसपी सिद्धांत जैन।

## फ्रूट कम्पनी के मालिक से 2.75 लाख ठगे

- महिला सहित तीन पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में कोऑपरेटिव सोसाइटी के नाम पर सब्जी व्यापारी से लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित युवक की शिकायत पर शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव मताना निवासी सुरेश कुमार ने कहा है कि उसकी सब्जी मण्डी में मताना फ्रूट कंपनी के नाम से कमीशन एजेंट की दुकान है। कुछ समय पहले रवि राय पुत्र हरीप्रसाद निवासी बीघड़ रोड, फतेहाबाद व सुभाष पुत्र मनीराम निवासी पुलिस लाइन हाल ऑफिस ए टू जैड, भूना रोड फतेहाबाद उसके पास आए और कहा कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थरिफ्ट कॉपरेटिव सोसायटी नाम से संस्था है जो प्रतिदिन व महीनावार पैसे इकट्ठा करती है। संस्था पॉलिसी के तहत प्रतिदिन 500 रुपये की कोलेक्शन कर साल में 1 लाख 82 हजार 500 रुपये जमा करेगी और साल पूरा और पॉलिसी मैच्योर होने पर उसे 1 लाख 91 हजार 599 रुपये मिलेंगे।

इसी प्रकार महीनावार 6 हजार रुपये की पॉलिसी में उसे 5 साल तक पैसे देने होंगे। पांच साल में 3 लाख 60 हजार रुपये जमा हों और पॉलिसी मैच्योर होने के बाद उसे 5 लाख 13 हजार 810 रुपये मिलेंगे। सुरेश ने कहा कि वह इनकी बातों में आ गया और दो पॉलिसी शुरू कर दी। इसके बाद रवि उससे रोजाना पैसे ले जाने लगा।

### एजेंट बताया था

रवि ने बताया कि यह भी एजेंट है और वह इसके लिए कोलेक्शन करता है। दूसरी 6 हजार महीना वाली पॉलिसी की पासबुक में रवि ने अपना नाम सीपी के तौर पर लिखा था। सुरेश ने बताया कि उसने रवि को 600 रुपये रोजाना की 346 किस्तों में 1 लाख 73 हजार रुपये और 6 हजार महीने वाली पॉलिसी की 17 किस्तों में 1 लाख 2 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद रवि व सुभाष ने बाद में पासबुक में यह कहकर इंट्री नहीं की कि सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा है। अपडेट के बाद बाकी इंटरी कर दी जाएगी। इन लोगों ने 31 दिसम्बर 2024 तक किस्तें लेनी थी लेकिन 10 दिसम्बर के बाद इन्होंने कोलेक्शन बंद कर दी। जब उसने इन लोगों से पूछा तो उन्होंने कहा कि बाकी किस्तें इकट्ठी ले लेंगे। दो महीने बाद भी जब कुछ नहीं हुआ तो उसने रवि से बात की। रवि ने कहा कि सुभाष ब्रांच मैनेजर है, उससे बात करो। सुभाष से बात की तो वह टाल-मटोल करने लगा और कहा कि उसकी पत्नी शकुन्तला महिला थाने में कांस्टेबल है और उस पर विश्वास करो। उसने आरोप लगाया कि रवि, सुभाष व सुशीला देवी नामक महिला ने साजबान होकर फर्जी स्कीम के नाम पर उससे लाखों रुपये हड़प लिए हैं। इस मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू

## ओपीएस बहाली को लेकर अध्यापक संघ करेगा 20 को हड़ताल

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा मर्जर के नाम पर स्कूलों को बंद करने का हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने कड़ा विरोध किया है। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद ने संयुक्त ब्यान जारी कर बताया कि हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग में 100 मीटर से कम दूरी में स्थित 194 राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशालाओं को मर्ज करने जा रही है। सभी कन्या प्राथमिक स्कूलों को बंद किया जा रहा है, जिसका हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ विरोध करता है। अध्यापक नेताओं ने कहा कि हरियाणा सरकार एनपीएस बन्द करके ओपीएस बहाल करे। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत हटाए गए पीजीटी शिक्षकों के समायोजन के बारे में शिक्षा मंत्री का जबाब बहुत ही निंदनीय है। इनको विभाग में एक साल के लिए लगाया था। चुनाव के समय कौशल रोजगार को स्थाई रोजगार बताकर सत्ता हासिल की थी। इससे साफ जाहिर होता है कि इनकी कथनी और करनी में अन्तर है। उन्होंने कहा कि जेबीटी अध्यापकों के तबादले सन 2016 के बाद नहीं हुए हैं। सरकार के बार-बार ब्यान आ रहे हैं कि स्कूलों में अध्यापकों के ऑनलाइन तबादलों में अभी वक्त लगेगा, शिक्षा विभाग ने बढ़ाई समय सीमा।

## भोडियाखेड़ा में छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम बारे किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन एवं महिला जागरूकता अभियान की इंचार्ज मंजू के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस द्वारा राजकीय कन्या विद्यालय, भोडिया खेड़ा की छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवं ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ एवं अन्य विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों—जैसे विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग संस्थान, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्क एवं बाजार क्षेत्रों—में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला विरोधी अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, और उपलब्ध कानूनी सहायता के विकल्पों की जानकारी दी गई। साथ ही, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली बारे विस्तार से समझाया गया, जिसके तहत महिलाएं अपनी रात्रिकालीन यात्रा को पुलिस निगरानी में सुरक्षित रूप से पूरा कर सकती हैं। इंस्पैक्टर मंजू ने टीएमएस की विशेषताओं डायल 112 ऐप के माध्यम से यात्रा पंजीकरण की सुविधा, यात्रा के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा समय-समय पर निगरानी, आपात स्थिति में त्वरित सहायता हेतु नजदीकी इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल की तैनाती व यात्रा पूर्ण होने पर संपर्क कर महिला की सुरक्षा की पुष्टि बारे बताया। पुलिस टीम द्वारा छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, पासवर्ड प्रबंधन एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में डायल 1930 या साइबर हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, सडक़ सुरक्षा, यातायात नियमों तथा महिला हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया गया।



## पोस्ट आफिस में भी करवा सकते हैं आधार कार्ड अपडेट

**फतेहाबाद।** शहर के मॉडल टाउन स्थित मुख्य डाकघर में भी आमजन आधार कार्ड बनवाने के अलावा अपना आधार कार्ड अपडेट भी करवा सकते हैं। पोस्टमास्टर रमन कटारिया ने बताया कि आमजन किसी भी वर्किंग दिवस में डाकघर में आकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

पोस्ट मास्टर ने बताया कि आधार कार्ड अपडेटेशन में अपना पता और मोबाइल नंबर अपडेट करवाने के साथ नया आधार कार्ड भी बनवा सकते हैं। इसके लिए आमजन को जरुरी कागजात साथ लेकर आने होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पोस्ट ऑफिस के आसपास के क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा।

## दो युवकों ने पुलिसकर्मी पर लगाया बेवजह मारपीट का आरोप

**फतेहाबाद।** रतिया चुंगी से रात को लस्सी लेने गए गुरूनानकपुरा मोहल्ला के दो युवकों के साथ पुलिसकर्मी द्वारा कथित मारपीट करने का आरोप लगा है। युवकों को सिविल अस्पताल में लाया गया। जहां एक युवक को ज्यादा चोट होने पर भर्ती किया गया है। युवकों का कहना है कि पुलिसकर्मी ने चेकिंग करने की बजाय सीधा पीटना शुरू कर दिया। बता दें कि गुरुनानकपुरा मोहल्ला को नशे के गढ़ के रूप में जाना जाता है और पिछले दिनों ही एसपी सिद्धांत जैन ने नशे की रोकथाम के लिए चार नाके लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए थे। अस्पताल में मौजूद गुरुनानकपुरा मोहल्ला निवासी अजय व संजू ने बताया कि वे बाइक पर सवार होकर रतिया चुंगी स्थित दुकान से लस्सी लेने गए थे। दुकान बंद होने के कारण लस्सी नहीं मिली तो वह वापस आने लगे। इसी दौरान पुलिसकर्मी आए और उनसे आने का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि लस्सी लेने गए थे, मिली नहीं। इतना सुनते ही पुलिसकर्मी ने हाथ में लिए डंडे से पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिसकर्मी से कहा कि आप तलाशी ले लो। मगर उसने एक नहीं सुनी और पीटता रहा। इसके बाद युवकों ने पास के एक घर में घुसकर खुद को छुड़वाया। युवकों का आरोप है कि पुलिसकर्मी ने शराब पी हुई थी। मारपीट के दौरान युवक का मोबाइल भी टूट गया। इन युवकों ने बताया कि यह पुलिसकर्मी दो-तीन बार पहले भी इस तरह बेवजह मारपीट की हरकत कर चुका है।

**प्रवचन** गांव मोहम्मदपुर रोही स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला में चल रही श्री धेनु मानस गो कथा

# गोमाता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र के पुनरुत्थान की आधारशिला हैं : स्वामी

भारत की आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य और अध्यात्म इन तीनों का मूल गोमाता में निहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव मोहम्मदपुर रोही स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गोशाला एवं नंदीशाला में चल रही श्री धेनु मानस गो कथा के तीसरे दिवस का आयोजन धर्म, राष्ट्र सेवा और संस्कृति के संदेशों से ओतप्रोत रहा। स्वामी राजेंद्रानंद महाराज के ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के हृदय को झकझोर दिया और उन्हें यह बोध कराया कि गोमाता केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र के पुनरुत्थान की आधारशिला हैं। स्वामी राजेन्द्रानंद ने प्रवचनों की शुरुआत करते हुए कहा कि गोसेवा और राष्ट्र सेवा एक-दूसरे के पूरक हैं। जब गाय सुरक्षित होगी तभी संस्कृति बचेगी और जब संस्कृति जीवित रहेगी, तभी राष्ट्र की आत्मा जाग्रत रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य और अध्यात्म इन तीनों का मूल गोमाता में निहित है। कथा का विशेष आकर्षण धार की रानी अहिल्याबाई होलकर की गो भक्ति से जुड़ी प्रेरक गाथा। स्वामी ने बताया कि रानी अहिल्याबाई न केवल एक महान प्रशासिका थीं, बल्कि उन्होंने जीवन भर गोमाता की सेवा को राज्य धर्म माना। उन्होंने अनेक गोशालाओं की स्थापना कर सेवा का ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया, जिसकी आज भी देशभर में मिसाल दी जाती है। स्वामी राजेंद्रानंद ने कथा में एक मार्मिक प्रसंग सुनाया कि जब एक युद्ध के समय अहिल्याबाई ने अपने सेनापतियों से पहले गायों की रक्षा करने को कहा। उनका मानना था कि राष्ट्र की असली रक्षा तलवार से नहीं, धर्म और संस्कृति की रक्षा से होती है, और गोमाता इसका मूल स्तम्भ हैं। इस प्रसंग ने श्रद्धालुओं के मन में सेवा और त्याग की भावना को और भी प्रबल कर दिया। कथा में गोसंवर्धन और आत्मनिर्भर भारत पर भी विस्तार से चर्चा हुई।


**फतेहाबाद।** गांव एमपी रोही में प्रवचन करते स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज।

### हर परिवार एक गाय पालने का संकल्प लिया

स्वामी राजेन्द्रानंद ने बताया कि गाय आधारित कृषि, गो उत्पादों से स्वरोजगार, और स्वदेशी जीवनशैली अपनाकर हम न केवल अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि देश को भी आर्थिक रूप से मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गाय के गोबर और गोमूत्र से बनी वस्तुएं आज के युग की औषधि हैं, जो पर्यावरण को भी शुद्ध करती हैं और शरीर को भी। कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कई संकल्प लिए जैसे एक परिवार एक गाय, नशामुक्त जीवन, स्वदेशी वस्त्र और उत्पादों का उपयोग, और ग्राम सेवा को जीवन सेवा बनाना। युवाओं ने डिजिटल माध्यमों से गो जागरूकता फैलाने का बीड़ा उठाया, जबकि मातृशक्ति ने अपने घरों में गो उत्पादों को प्राथमिकता देने की शपथ ली। कथा स्थल पर पूरे दिन भक्ति, करुणा और राष्ट्रप्रेम का वातावरण व्याप्त रहा। गोमाता की जय, अहिल्याबाई अमर रहें, राष्ट्रधर्म हमारा धर्म है जैसे घोषों से पूरा परिसर गूंजता रहा।